सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 194, पृष्ठ 14

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 05 TOP

रिद्धिमा में बरसी फाल्गुन के गीतों की फुहार

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक स्थित रिद्धिमा में रविवार को गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने गीतों के जरिये फाल्गुन की फुहार के रंग बिखेरे। गीतों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रज में होली रे गाकर गायन के विद्यार्थी अंशुमा, शालिनी पांडेय, सताक्षी अग्रवाल और श्रेया ने की। विद्यार्थी डॉ. अनुज कुमार ने होली खेले मसाने में... और डॉ.वंदना दुग्गल खन्ना ने सकल ब्रज धूम मची को गाकर समां बांध दिया। अतिथि गायक डा.रीता शर्मा ने होली खेलो जी राधे संभाल के और इंदू परडल ने रंग देख जिया ललचाये को अपने स्वर से सजाया। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने रंग डारूंगी नंद के लालन पे और गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने जब फाल्गुन रंग झमकते हैं को अपनी आवाज से सजाया। उमेश मिश्रा ने सारंगी, कुंवर पाल ने सितार, सूर्यकांत चौधरी ने वायलिन, आशीष सिंह ने कीबोर्ड, टुकु मनीसेन ने हारमोनियम, हिमांशु चंद्र ने गिटार, सूरज पांडेय ने बांसुरी, अमर नाथ ने तबला, सुमन विश्वास ने ढोलक के साथ स्वर साधकों का साथ दिया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति , आशा मूर्ति , आदित्य मूर्ति , सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।